# धान की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल


**सुपरवाइजर व सर्वेयरों के काम में हो रहा राजनैतिक दखल**

**सिवनी नवभारत।** गोदाम पर पहूच रही अमानक धान के रिजेक्ट किये जाने के पश्चात धान की गुणवत्ता पर ही प्रश्न चिन्ह खडे हो रहे है वैसे तो खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा मध्यप्रदेश के द्वारा खरीफ उपार्जन 2025-26 के लिये भंडारण केन्द्रो मे सर्वेयर नियुक्त किये गये है तथा सर्वेयरो को दिशा निर्देश के लिये जिले मे सुपर वाइजर भी नियुक्त किये गये है ताकि खरीदी केन्द्रो मे एफ ए क्यू धान अथवा मोटा धान अनाज पूरी तरह सूखा हो तथा उसमे नमी मिट्टी कुसी सिकुड़े टूटे बदरंग एवं क्षतिग्रस्त दानो निर्धारित सीमा से कम हो और परिवहन के द्वारा भंडारण केन्द्र मे ऐसी ही धान से भरी बोरियो को रिजेक्ट करने का मामला सिवनी मे तूल पकडते नजर आ रहा है।

इस मामले मे भारी हस्ताक्षेप और राजनैतिक दबाव के चलते भंडारण केन्द्र मे काम कर रहे कुछ सर्वेयर पर गाज भी गिरी है तथा कुछ सर्वेयर भी भंडारण केन्द्र से हटाये गये है जबकि इस सम्बध्द हटाये सर्वेयरो के द्वारा भी सुपर वाइजर को आवेदन प्रस्तुत कर अपना तर्क रखा गया है किन्तु इस मामले मे जिले के सुपर वाइजर को ही निस्पक्ष कार्रवाई के लिये हस्ताक्षेप का मामला सामने आ रहा है जबकि यह भी सच है की कुछ केन्द्रो से बाहर से आ रही अमानक धान भंडारण केन्द्र मे थोपी जा रही है और यही धान जिले के भंडारण केन्द्र मे दबाव बनाकर थोपने के प्रयास किये जा रहे है ।

### खरीदी बढ़ाने किया जा रहा कृत्य

यहा यह भी उल्लेखनीय है की कमीशन राशि बढाने के चक्कर मे धान खरीदी प्रभारी धान व्यापार से जुडे लोगो को यह सुविधा मुहैया कराकर अपनी ओर आकर्षित तो कर ही रहे है साथ ही मजदूर हम्माल के हक पर भी सीधा प्रहार कर रहे है तथा शासन से मिलने वाली प्रशासनिक राशि को भी निगल रहे तथा यह मिलने वाली सुविधा अमानक धान को बढावा दे रही है जिस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है ।



### उत्पादन कम पंजीयन पूरा करने बाहर से आ रही धान

यहा यह भी उल्लेखनीय है की इस वर्ष किसानो को धान के उत्पादन मे भारी कमी आई है चुकि पिछले सत्र की तुलना मे किसानो को धान का उत्पादन ही कम हुआ है ऐसी स्थिति मे किसानो के पंजीयन पर धान बेचने वाले व्यापारी पंजीयन को पूर्ण करने के लिये बाहर से धान बुलाकर खरीदी केन्द्रो मे डाल रहे और यही आने वाली पुरानी धान अमानक श्रेणी मे आकर रिजेक्ट की श्रेणी मे आ रही है जिले के अधिकांश खरीदी केन्द्रो मे यह भी मामला सामने आया है की खरीदी मे घर से बोरिया तैयार होकर खरीदी केन्द्र पहूच रही है तथा बगैर भराई और तुलाई के केन्द्र मे खडी होकर सिलाई हो रही है ऐसी स्थिति मे धान की गुणवत्ता और एफ ए क्यू की क्या स्थिति होगी अन्दाजा लगाया जा सकता है।

## एएसआई हुए सेवानिवृत दी गई विदाई




**सिवनी नवभारत।** कन्ट्रोल रूम में थाना कान्हीवाड़ा में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक अमान सिंह भलावी की 36 वर्ष की सफल पुलिस सेवा पर विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा और रक्षित निरीक्षक प्रवीण नायडू द्वारा श्री भलावी का पुष्प माला से स्वागत कर शाल, श्रीफल,स्मृति चिह्न और उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।इस सम्मान समारोह में भलावी का परिवार,पत्नी, बेटी व दामाद की गरिमामय उपस्थिति रही। पुलिस अधीक्षक द्वारा उन्हें स्वस्थ व सुखद जीवन हेतु शुभकामनाएं दी व परिवार जनों से चर्चा की और आगे सामाजिक जीवन में सक्रिय रहने के लिए मार्गदर्शन दिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा उनकी 15 मार्च 1989 को जबलपुर जिले से भर्ती होकर अनुशासन पूर्वक जिन कार्यों का निर्वाहन किया को याद करते हुए बंधाई दी गई।

## प्रतापगढ़ में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**अनुसूईया प्रसंग ने श्रोताओं को भाव-विभोर किया**







**सिवनी नवभारत।** सिवनी जिले के छपारा क्षेत्र के समीप स्थित प्रतापगढ़ गांव में नागेश परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 28 दिसंबर से 4 जनवरी तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें तीसरे दिन की कथा में श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में जारी है। इस पावन अवसर पर सुप्रसिद्ध कथा वाचक पंडित उमाकांत महाराज मधुर वाणी में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन कर रहे हैं।

कथा के तीसरे दिन पंडित उमाकांत महाराज ने माता अनसूया प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण और प्रेरणादायी वर्णन किया, जिसे सुनकर पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

### पतिव्रता नारी की महिमा का अद्भुत प्रसंग

कथा वाचक ने बताया कि माता अनसूया भारतीय संस्कृति में पतिव्रता धर्म, त्याग, तप और सेवा की सजीव मूर्ति हैं। उनके तप और पवित्रता से प्रसन्न होकर त्रिदेव—ब्रह्मा, विष्णु और महेश को भी बालक रूप धारण करना पड़ा। यह प्रसंग यह सिखाता है कि सच्चा धर्म, अहंकार रहित भक्ति और निष्ठा से भगवान स्वयं भक्त के वश में हो जाते हैं। पंडित उमाकांत महाराज ने कहा कि अनसूया केवल एक चरित्र नहीं, बल्कि नारी शक्ति और संस्कारों की जीवंत प्रेरणा हैं। आज के समय में परिवार, समाज और संस्कृति को बचाने के लिए उनके आदर्शों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है।

### श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

अनसूया प्रसंग के दौरान कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। भक्ति रस से ओत-प्रोत भजनों और कथावाचन के दौरान कई श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। कथा के अंत में आरती और प्रसाद वितरण किया गया।

### आयोजन की सराहना

नागेश परिवार द्वारा किए जा रहे इस आयोजन की क्षेत्र में भूरि-भूरि प्रशंसा हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में संस्कार, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना का संचार होता है। कथा प्रतिदिन निर्धारित समय पर जारी है, जिसमें आसपास के गांवों से भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।




## बुढ़ैनाकला विद्यालय में व्यवसायिक शिक्षा भ्रमण कार्यक्रम

**बरघाट नवभारत।** पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुढेनाकला (बरघाट)में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। संस्थान में संचालित व्यावसायिक शिक्षा संबंधी आई टी, ट्रेड के कक्षा 9 वी से 11 वी के विद्यार्थियों को प्राचार्य श्री मति कल्पना उईके जी के मार्गदर्शन मे व्यावसायिक शिक्षक आशीष देशमुख के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने पॉलीटेक्नीक महाविद्यालय सिवनी का भ्रमण किया। प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य एवं संस्थान के विभिन्न ट्रेड्स के प्रशिक्षकों द्वारा ड्रुज्ञ ट्रेड के विद्यार्थियों को विभिन्न ट्रेड जैसे कंप्यूटर साइंस, मैकेनिकल, इलेक्ट्रीकल आदि के बारे में प्रभावशील जानकारी प्रदान की, एवं छात्र-छात्राओं की जिज्ञासाओं का निवारण करते हुए आई टी के क्षेत्र में उन्नत भविष्य एवं प्रगतिशील व्यावसायिक शिक्षा प्रक्षेत्र को अपनाने का मार्ग प्रशस्त किया। स्वल्पाहार की व्यवस्था एवं छात्र-छात्राओं की देखरेख के लिए आईटी ट्रेड वीटी आशीष देशमुख शिक्षक संतोष चौहान, राजेन्द्र उईके शिक्षिका गीता ठाकुर व कमलेश परिहार का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## एफएलएन मेले में शामिल हुए कलेक्टर-एसपी



**सिवनी नवभारत।** मंगलवार 30 को शासकीय प्राथमिक शालाओं में आयोजित एफएलएन मेले के अंतर्गत कलेक्टर शीतला पटले एवं पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता विकासखण्ड छपारा के सादक सिवनी स्थित शासकीय प्राथमिक शाला पहुंचे। दोनों ने मेले में आयोजित शैक्षिक एवं सह-शैक्षिक गतिविधियों का अवलोकन किया।

कलेक्टर श्रीमती पटले एवं एसपी श्री मेहता ने बच्चों से आत्मीय संवाद कर उनके अनुभवों की जानकारी ली तथा बच्चों को उत्साहपूर्वक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों में कल्पनाशक्ति विकसित करने हेतु रोचक, नवाचारी शिक्षण पद्धतियों के माध्यम से अध्यापन कार्य कराया जाए। इस अवसर पर मध्यान्ह भोजन की नियमितता एवं गुणवत्ता को लेकर भी बच्चों से चर्चा की गई। कलेक्टर श्रीमती पटले ने भोजन की गुणवत्ता संबंधी फीडबैक लिया तथा उपस्थित माताओं को निर्धारित तिथि अनुसार बच्चों के साथ एमडीएम का भोजन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## गौघाट में लक्ष्मी नारायण यज्ञ एवं भागवत कथा हेतु भूमि एवं ध्वज पूजन आज

**कान्हीवाडा नवभारत।** कान्हीवाड़ा से 7 किलोमीटर की दूरी पर सागर नदी के तट पर (हिनोतिया थावरी पोंगार भाटा के मध्य) प्रतिवर्ष अनुसार इस 27 में वर्ष में भी विश्व शांति और जन जन के कल्याण हेतु श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का सार्वजनिक आयोजन किया गया है कार्यक्रम के संयोजक श्रीराम ठाकुर ने बताया कि यह आयोजन पिछले 26वर्षों से प्रतिवर्ष मकर संक्रांति के पर्व पर आयोजित किया जाता है इस वर्ष भी महायज्ञ का आयोजन 11 जनवरी से 19 जनवरी तक किया गया है इस दौरान प्रतिदिन सुबह 8:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक हवन पूजन एवं दोपहर 1:30 बजे से 4:30 बजे तक प्रतिदिन ओजस्वी कथा प्रवक्ता आचार्य श्री हेमंत कृष्ण जी महाराज (खायरा बरसाना) के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा अमृत की वर्षा होगी। साथ ही प्रतिवर्ष अनुसार विशाल मेला भी आयोजित है।



महायज्ञ हेतु भूमि पूजन एवं ध्वज पूजन का आयोजन 31 दिसंबर को दोपहर 2:00 बजे आयोजित किया गया है। इसी के साथ ही कार्यक्रम की संपूर्ण तैयारी पूर्णता की ओर है भूमि पूजन एवं 11 से 19 जनवरी2026 तक आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ श्रीमद् भागवत कथा एवं मेला में समस्त धर्म प्रेमी बंधु सादर आमंत्रित हैं।

